अभियान , हमर भिलाई हरियर भिलाई

भिलाईनगर। शहर के बाजार क्षेत्र की खुबसूरती को बढाने नगर निगम व्यापारी संस्थाओ के साथ खुबसुरत फुल के पौधो का वितरण कर रही है और गमलो के देखभाल की जिम्मेदारी दुकानदारो को सौपी है।

नगर पालिक निगम भिलाई , चेम्बर आफ कॉमर्स एवं व्यापारिक समिति के सहयोग से बड़े बाजार क्षेत्र के दुकानो के सामने गमले में खुबसूरत फुलो के पौधा का वितरण आयुक्त रोहित व्यास के निर्देश पर कर रहे है । दुकानदार गमलो की देखभाल कर उसे पुष्पित पल्लवित करेंगे।

15 अगस्त से शुरू किए गये इस अभियान मे सेक्टर 6 ए मार्केट के दुकानदारो को जोन आयुक्त द्वारा पौधा रोपित गमले का वितरण किया गया है ।

आयुक्त श्री व्यास ने समीक्षा बैठक में अधिकारियों को निर्देशित किए थे कि निगम क्षेत्र के आकाशगंगा, सुपेला, गोल मार्केट वैशाली नगर , सर्कुलर जवाहर मार्केट पावर हाउस , न्यू खुर्सीपार मार्केट मे दुकान के सामने रखने दुकानदारों को गमले मे रंग बिरंगे फुल के पौधे वितरण किया जावे इसके लिए नगर के चेम्बर आफ कामर्स सहित अन्य व्यापारिक संगठनो से सहयोग भी लिया जा रहा है। नगर निगम और व्यापारी संकल्पित है कि शहर वासियों को बाजार क्षेत्र खुबसूरत और हराभरा दिखे।